तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 14 अगस्त 2024

14 चारामा में निकली भव्य तिरंगा बाइक रैली...



14 कलेक्टर जनदर्शन में बांसकुण्ड के ग्रामीणों...





## खबर संक्षेप



### स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**चारामा।** विकासखंड चारामा के ग्राम कोटेला की महिलाओं ने स्वच्छता की जिम्मेदारी उठाई। नारी एकता महिला स्व सहायता समूह शीतलापारा कोटेला के मातृ शक्तियों के द्वारा अपने गांव की हर घर, हर गली, हर चौक व चौराहों को स्वच्छ बनाने का सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। महिलाओं के द्वारा प्रति सप्ताह गांव के प्रत्येक घर से कूड़ा करकट को इकट्ठा कर एवं गांव की प्रत्येक गली को सफाई कर एवं बाजार स्थल सार्वजनिक स्थल को सफाई करने का जिम्मा उठाया है। हमारे गांव की मातृशक्ति अपने गांव को स्वच्छ रखने के लिए यह अभियान चला रखा है।

### अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**कांकेर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लारगांव मरकाटोला में अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवाओं पर केंद्रित त्रिस्तरीय कार्यक्रम को वर्गवार थीम पर लॉन्च किया गया। पहला एड्स जागरूकता कक्षा 12 वीं, दूसरा हाथी संरक्षण कक्षा 11 वीं, तीसरा नशा मुक्ति संयुक्त रूप से व्याख्यान, चित्रकला, नारा लेखन, कविता, क्विज़ प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक के द्वारा प्रेजेंटेशन किया गया। नुक्कड़ नाटक, नशा मुक्ति के कलाकार शराब, जयेश गजबीये बीड़ी सिगरेट, विनायक मण्ड़ावी तम्बाकू, विजय मण्ड़ावी गुटखा, गौरव शोरी गुड़ाखु, छाया कोर्राम एवं साथी के द्वारा प्रेरक अभिनय किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य यतीशचन्द्र शुक्ल द्वारा शपथ ग्रहण करवाया।

### मॉर्निंग योगा ग्रुप की महिलाओं ने मनाया सावन झूला महोत्सव



**चारामा।** चारामा नगर की मार्निंग योगा ग्रुप की महिलाओं द्वारा सावन झूला महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी महिलाएं भारतीय परंपरा की वेशभूषा धारण कर आयोजन में उपस्तित रही। आयोजन में विधायक सावित्री मनोज मंडावी शामिल हुई। मार्निंग योगा ग्रुप की महिलाओं ने विधायक को अपने बीच पाकर खुशी से झूम उठी। महिलाओं द्वारा कुर्सी दौड़, मटका फोड़ और अन्य खेल के साथ गीत संगीत और भजन गाकर नृत्य भी हुआ। सबने अपने पारिवारिक जीवन के अनुभव भी साझा किया, जिसके बाद महिलाओं ने झूले का आनंद भी लिया, विभिन्न पकवानों का आनंद भी उठाया। विधायक ने इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए सभी महिलाओं को सावन मास की बधाई दी। इस अवसर पर निरंजना खत्री, गोदावरी, निर्मला, चंपू मेहता, नीता बेन पटेल, सुमन श्रीवास्तव, रत्ना श्रीवास्तव, मंजू साहू, रानू खत्री, छमा पंजवानी, मनीषा सोनी, पार्वती महेंद्र, निधि महेंद्र एवं सदर लाइन की महिलाएं उपस्थित रही।

### सर्पदंश युवक की हुई मौत

**कांकेर।** थानांतर्गत कांकेर के ग्राम पीढ़ापाल निवास धनराज पोया की सांप के डंसने के कारण मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 12 अगस्त को मृतक को जहरीले सांप ने काट लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह के अंतिम रिहर्सल का कलेक्टर व एसपी ने लिया जायजा

## मुख्य अतिथि बनीं डिप्टी कलेक्टर ने ध्वजारोहण कर परेड की ली सलामी

हरिभूमि न्यूज हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जिला स्तरीय मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके सफल आयोजन के लिए अंतिम रिहर्सल 13 अगस्त को सुबह 9 बजे से नरहरदेव शासकीय उमावि परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि बनीं डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर उसे सलामी दी।

नरहरदेव शासकीय उमावि परिसर में 13 अगस्त को सुबह 9 बजे से राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास प्रारंभ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि बनी डिप्टी कलेक्टर का मुख्य समारोह स्थल पर आगमन कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर और एसपी इंदिरा कल्याण एलेसेला की मौजूदगी में हुआ। तत्पश्चात मुख्य मंच पर पहुंचकर मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण सलामी दी, इसके साथ ही राष्ट्रगान की धुन का वादन किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा जिप्सी पर सवार होकर परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कलेक्टर और एसपी भी उनके साथ मौजूद रहे। जिला पुलिस बल, होमगार्ड के जवान, बस्तर फाइटर्स, फॉरेस्ट गार्ड्स सहित एनसीसी और स्काउट गाइड कैडेट्स की कुल 13 टोलियों के द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट किया गया तथा मुख्य अतिथि बनी डिप्टी कलेक्टर ने दल प्रमुखों से परिचय प्राप्त किया। इसके पश्चात स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा पीटी एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस अहिरवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा रावटे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### शहीद जवानों के परिजनों को किया जाएगा सम्मानित

समारोह में जिले के शहीद जवानों के परिजनों को शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के उपरांत उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों और नागरिकों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।



### सांसद भोजराज नाग करेंगे ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जिला स्तरीय समारोह में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्र ध्वज फहराया जाएगा, जिसके सभी प्रायोजित कार्यक्रमों का मिनट टू मिनट अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया और पूरी तैयारी को अंतिम रूप दिया गया।

## उत्साह : घरों, संस्थानों, दुकानों में भी तिरंगा लगाने का अधिकार पीएम मोदी ने दिया

# तिरंगायात्रा में युवाओं में दिखा जमकर उत्साह और जोश, शहर का माहौल हुआ तिरंगामय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ तिरंगा देश के लोगों को आपस में जोड़ने का करता है काम

स्वतंत्रता दिवस के तीन दिन पहले से सभी वर्गों में तिरंगे के सम्मान के साथ जोश और उत्साह भरा हुआ है। भारत सरकार के हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंगलवार 13 अगस्त को भाजयुमो के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाला गया, जिसमें युवाओं में जमकर उत्साह और जोश दिखाई दिया। भारत माता की जय की घोष से पूरा शहर गूंज गया। यह तिरंगा यात्रा शहर के कई मुहल्लो में भ्रमण किया।

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के माध्यम से लोगों में राष्ट्रप्रेम की प्रबल भावना जागृत करने के उददेश्य से पूरे देश भर में स्वतंत्रता दिवस से पूर्व तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। तिरंगा यात्रा के पश्चात लोगों से राष्ट्रीय ध्वज को 15 अगस्त तक ध्वज को सम्मान के साथ अपने-अपने घरों में लगाने का आव्हान किया गया। देश की आन, बान, शान राष्ट्रीय ध्वज भारतीय तिरंगे के सम्मान में 13 अगस्त को शहर के नए बस स्टैंड से भारतीय सेना से सेवानिवृत्त पूर्व सैनिको की अगुवाई में निकली। यह तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति के गीतों के साथ शहर के नए बस स्टैंड से होते हुए ज्ञानी चौक पहुंची, इसके उपरांत बरदेभाटा, पण्डरीपानी, सिविल लाईन होते हुए गोविंदपुर तक गई और गुरूद्वारा के पास से वापिस होकर घड़ी चौक, ऊपर नीचे रोड़, पुराना बस स्टैंड से होते हुए नए बस स्टैंड में समाप्त हुई।



तिरंगा यात्रा के समापन के दौरान विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि आज लोगों को अपने घरों, संस्थानों, दुकानों मे भी तिरंगा लगाने का अधिकार प्राप्त है। तिरंगे के माध्यम से राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर यह तिरंगा यात्रा निकाली गई है। उन्होने कहा कि हमारे पड़ोस के देशों में भारी उथल-पुथल व अराजकता का माहौल होने का कारण वहां देश के प्रति, सेना के प्रति लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना का नही होना है। तिरंगा एक ऐसा माध्यम है, जो देश के लोगों को आपस में जोड़ने का काम करता है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान, शान है और इसके सम्मान में यह तिरंगा यात्रा निकाली गई है। उन्होने बताया कि 2002 से पहले आम लोगों को निजी संस्थानों को अपने घरों, संस्थानों में कभी भी तिरंगा फहराने का अधिकार नही था। परंतु अब राष्ट्रीय ध्वज को पूरे सम्मान के साथ पूरे वर्ष भर हम लगा सकते हैं। भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजा पाण्डेय ने कहा कि युवाओं के नेतृत्व में कांकेर शहर में तिरंगा यात्रा निकली और पूरा शहर तिरंगामय हो गया।

### ये रहे उपस्थित

तिरंगा यात्रा में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, महेश जैन, भरत मटियारा, जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, जयंत अटभैया, संजू गोपाल साहू, तारा ठाकुर, राजा देवनानी, दीपक खटवानी, देवेन्द्र भाउ, पंचू राम नायक, संजय सिन्हा, शैलेंद्र शोरी, घनेंद्र ठाकुर, पीयूष वलेचा व अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहे।

# लंबित आवेदनों का जल्द से जल्द करें निराकृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ आला अफसरों ने दी हिदायत

राज्य शासन के निर्देशानुसार आम जनता की समस्याओं से रूबरू होने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिनका मौके पर ही यथासंभव निबटारा किया जाता है। शेष लंबित आवेदनों का निराकरण सभी गंभीरता से करें, जिससे शासन योजनाओं का लाभ अधिकाधिक लोगों को मिल सके। उक्त निर्देश सप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने दिए हैं।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 13 अगस्त को दोपहर को आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पिछले सप्ताह अंतागढ़ के दूरस्थ क्षेत्र के ग्राम कोलर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया था, जिसमें ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगों व समस्याओं को लेकर आवेदन दिया था। आमजनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना जिला प्रशासन का दायित्व है और सभी अधिकारी संवेदनशीलता व पूरी शिद्दत के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं। स्कूल जतन योजना की समीक्षा करते हुए शेष बचे हुए सुधार योग्य पुराने स्कूल भवनों की जानकारी प्रस्तुत करने और वर्तमान में निर्मित भवनों का भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। इस दौरान बताया गया कि जिले में 12 पीएमश्री स्कूल संचालित हैं तथा 10 अन्य का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है। कलेक्टर ने इन स्कूलों का रख रखाव और मूलभूत सुविधाएं गरिमानुरूप करने के लिए भी डीईओ को निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने अनुभागवार एवं विभागवार प्रकरणों की क्रमशः समीक्षा ▶▶| शेष पेज 12 पर

## योगासन खेल प्रतियोगिता चारामा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



■ 29 अगस्त तक करवा सकते है पंजीयन

योग को योगासन स्पोर्टस के रूप में प्रोत्साहित करने के लिए जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन एक सितंबर को चारामा में जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता करने जा रहा है। जिसके संबंध में 12 अगस्त सोमवार को जिला कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर से पदाधिकारियों ने मुलाकात कर प्रतियोगिता में विद्यालयीन, महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के सहभागिता के लिए पत्र सौंपा।

उपेश्वर ठाकुर ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा आयोजित खेलो इंडिया गेम्स में भी योगासन प्रतियोगिता को शामिल किया गया है। कुश साहू ने बताया कि अब योगासन खेलों को केंद्र में नौकरियों के लिए भी सूची में शामिल कर लिया गया है। विद्यालयों से लेकर व्यायामशाला के माध्यम से गांव गांव में योग का विशेष रूप से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। योगासन स्पोर्टस के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 14 वर्ष, 14 से 18 और 18 से अधिक वर्ष आयु वर्ग में बालक और बालिकाओ की प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिता में ट्रेडिशनल योगासन, आर्टिस्टिक सिगल, आर्टिस्टिक पेयर, रिदमिक पेयर सहित चार तकनीकी वर्ग में मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता में विद्यालय से संस्तुत प्रतिभागियों के अलावा इच्छुक योगाभ्यासी सीधे भी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपनी प्रविष्टि करा सकते हैं। स्पर्धा में सम्मिलित होने के इच्छुक प्रतिभागी ▶▶| शेष पेज 12 पर

## कलयुगी बेटे ने मां से की मारपीट चाकू दिखा जान से मारने दी धमकी



**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत शीतलापारा में मां ने बड़े बेटे को गाड़ी से नातिन को घुमाने ले जाने से मना करने पर बेटे के द्वारा गाली गलौज कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया। माँ ने बताया कि आरोपी कलयुगी बेटा चाकू दिखाकर डरा रहा। मारपीट की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आमाबेड़ा थाना में शिकायत करने पहुंचे शीतलापारा आमाबेड़ा निवासी प्रभाती बाच्छड़ ने पुलिस को बताया कि मेरे दो बेटे हरि बाच्छड़ व तुषार बाच्छड़ हैं। दोनों बेटे की शादी हो गई है, हम सब एक साथ रहते हैं। 12 अगस्त की शाम को मैं बहू रीना एवं झुमा बाच्छड़ घर पर थे। छोटा लड़का तुषार ईरागांव का बाजार गया था। हरि गांव तरफ घूमने गया हुआ था, शाम करीबन साढ़े 5 बजे बड़ा लड़का घर आया और अपनी बेटी दृष्टि उम्र 2 वर्ष को उठाकर मोटर सायकल में बैठाकर घुमाने लेकर जा रहा था। वह बोली की तुम्हें मोटर सायकल चलाने आता नहीं है, छोटी बच्ची को ले जा रहे हो, उसे मत ले जाओ, गिर जाएगी। मेरी बातों को सुनकर बड़ा लड़का गुस्से में आकर गाली देते हुए बोला कि मेरी बेटी है, मैं कही भी ले जांऊ, तुम्हे उससे क्या लेना देना है। नातिन दृष्टि को गाड़ी से उतारने लगी तो हाथ, थप्पड़, लात और ▶▶| शेष पेज 12 पर

# पत्नी से मारपीट व भ्रूण हत्या की कोशिश, आरोपी पर मामला दर्ज

**कांकेर।** गोण्डाहूर थानांतर्गत पीव्ही 51 जयपुर में आरोपी पति द्वारा पत्नी के साथ मारपीट करने व पत्नी के गर्भवती होने पर भ्रूण हत्या की कोशिश करने का मामला सामने आया है। पत्नी के रहते हुए भी आरोपी का किसी अन्य महिला के साथ भी अवैध रिश्ता था, जिसके कारण पति और प्रेमिका के साथ मिलकर पीड़िता के साथ दुर्व्यवहार किया गया। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



गोण्डाहूर थाना में शिकायत करने पहुंची पीव्ही 51 जयपुर निवासी नुपूर मंडल पति सुरेश मंडल ने पुलिस को बताया कि मेरे पति के द्वारा मुझे प्रताड़ति किया जा रहा है। मेरे पति ने मेरे साथ धमकी देकर कोर्ट में शादी किया और बाद में सामाजिक रीति रिवाज से शादी किए। शादी के कुछ ही दिन बाद मारपीट करने लगा तथा जब गर्भवती हुई। उसी गर्भावस्था में मेरे साथ मारपीट किया, जिसकी वजह से मेरी तबियत खराब हो गई। कुछ दिन बाद मेरी लड़की हुई फिर पति के द्वारा अत्याचार बढ़ गया। बेटी होने की वजह से मेरे साथ अभद्र व्यावहार करने लगे। उसके बाद मेरे पति का अन्य स्त्री के साथ प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। मेरे द्वारा उसका विरोध किए जाने पर पति के द्वारा मारपीट किया जाने लगा, यहां तक कि मेरे पति के साथ मिलकर उसकी प्रेमिका सुषमा दास के द्वारा भी मुझे मारा गया, जब भी उसकी प्रेमी तथा मेरे पति के बीच आपसी मतभेद होता था। तब सुषमा मेरे पति के नाम से पुलिस थाने मे कई बार रिपोर्ट दर्ज करवाती थी। तब मेरे पति उसे छोड़कर मेरे पास आकर रोने लगता था। यह सिलसीला 17 साल तक चलता रहा। इसी बीच दुबारा गर्भवती हो गई। मेरे पति के द्वारा भ्रूण हत्या करने की भी कोशिश की गई, जिसमें मेरे पति की प्रेमिका भी शामिल थी। मेरे पति और उसकी प्रेमिका दोनों के द्वारा मिलकर मुझे जान से ▶▶| शेष पेज 12 पर

## अंतागढ़ में 28 वी वाहिनी एसएसबी कैंप में आयोजित हुआ शिविर

# एसएसबी के जवानों ने रक्तदान कर जनकल्याण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

■ जवानों की गतिविधियां भी अब ग्रामीणों को बेहतर लगने लगी

28 वीं वाहिनी मुख्यालय अंतागढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन 13 अगस्त को किया गया, जिसमें एसएसबी के अधिकारी व जवानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और जनकल्याण का संदेश दिया।

28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के कमांडेट अरूण देवगम ने सभी जवानों को रक्तदान के महत्व को समझाते हुए बताया कि सशस्त्र सीमा बल अपने ध्येय वाक्य सेवा सुरक्षा बन्धुत्व का पालन करते हुए रावघाट रेलवे प्रोजेक्ट की सुरक्षा के अलावा अपने कार्य क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए भारत सरकार गृह मंत्रालय के दिशा निर्देशानुसार नागरिक कल्याण कार्यक्रम, सामुदायिक कल्याण कार्यक्रम तथा समय समय पर निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर व रक्तदान शिविर का आयोजन करती रहती है। रक्तदान महादान है, इससे आपातकालीन स्थिति में किसी भी जरुरतमंद व्यक्ति की रक्त की कमी से होने वाली जान की हानि से बचाया जा सकता है। बल की उपरोक्त गतिविधियों से ही आसपास के क्षेत्र के जरुरतमंद लोगो को समय पर चिकित्सा सम्बधित सहायता उपलब्ध कराया जाता है। सुरक्षा के साथ-साथ एसएसबी जनकल्याण के लिए होने वाले सभी कार्यो को करने के लिए क्षेत्र के लोगों को जागरूक भी किया गया और जवान स्वंय जनकल्याण के कार्यक्रम में सहभागी बनकर आमजनता को संदेश भी दे रहे है। जवानों के इस संदेश से अंदरूनी ईलाके के ग्रामीणों भी जागरूक हो रहे है और ऐसे जनभागीदारी कार्यक्रमों में भी शामिल होने लगे है। जवानों की गतिविधियाँ भी अब ग्रामीणों को बेहतर लगने लगी है।




### इन्होंने लिया भाग

आयोजित रक्तदान शिविर में उप कमांडेंट सुनील पासवान, उप कमांडेट चिकित्साडॉ लिव्गेय्या, डॉ. अश्वनी कुमार झा, सहायक कमांडेंट चिकित्सा सहित अन्य अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी व बल कार्मिकों के साथ ब्लड बैंक कोमलदेव चिकित्सालय के डॉ. अखिलेश गायकवाड़, रवि शंकर सिंह व अन्य 7 कार्मिकों ने रक्तदान शिविर में भाग लिया।

## ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम कोड़ेकुर्से में अवैध पट्टा निरस्त करने की मांग को लेकर सर्व आदिवासी समाज विकासखंड दुर्गुकोंदल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एसडीएम भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपा है। अवैध पट्टा निरस्त नहीं होने पर सर्व आदिवासी समाज के नेतृत्व में ग्रामवासी 20 अगस्त को तहसील कार्यालय दुर्गुकोंदल का घेराव करने और घेराव के बाद भी पट्टा निरस्त नहीं होती है, तो 26 अगस्त से धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दिया है।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### सावन में किया रामायण पाठ



**केशकाल।** सावन के चौथे सोमवार सुदेश्वर महादेव मंदिर सुरडोंगर गौरा चौक में रामायण पाठ का किया गया। बस्तरिया मानस मंडली गमरी ने अपनी प्रस्तुति दी और ग्रामीणों का मन लुभा लिया। सुनील उईके और युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में खिलेश्वर शोरी जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस कोंडागांव, सुनील उइके, गजेंद्र ध्रुव , उत्तम नायक , किशोर सूर्यवंशी ,पंकज, अज्जू ध्रुव गगन,राहुल, मिंटू , शैलेश, इशू और अन्य भक्तगण, नगर वासी, सैकड़ों की संख्या उपस्थित रहे। अंतिम में सफल आयोजन के लिए सुनील उइके ने युवा प्रकोष्ठ का आभार व्यक्त किया।

### मेकाज के डॉक्टर करेंगे विरोध प्रदर्शन आज

**जगदलपुर।** कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में द्वितीय वर्ष के पोस्ट ग्रेजुएट छात्रा के साथ कुछ लोगों ने ना सिर्फ दुष्कर्म किया बल्कि उसकी हत्या भी कर दी। इस घटना से पूरे देश भर में आक्रोश देखा जा रहा है, इसी तारतम्य में 14 अगस्त को मेकाज के छत्तीसगढ़ जूनियर डॉक्टरों एसोशिएशन द्वारा 3 सूत्रीय मांगों को लेकर अपना विरोध प्रदर्शन करने के साथ ही आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने एवं डॉक्टरों को सुरक्षा के लिए नियम भी बनाए जाने की मांग की है। इस पर मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के सभी वैकल्पिक सेवाएं ओपीडी, ओटी, वार्ड बंद रहेंगे। आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी, जिससे गंभीर रूप से बीमार मरीजों को उचित सेवाएं मिल सकें।

# पत्रकारों के खिलाफ दर्ज मामले की एसआईटी या सीबीआई जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

आंध्रप्रदेश के चिंतुर थाना में बस्तर के चार पत्रकारों के खिलाफ बनाए गए फर्जी गांजा तस्करी मामले को लेकर मंगलवार को संभागीय मुख्यालय में बैठक आयोजित की गई। पूरे मामले की एसआईटी या सीबीआई जांच की मांग करते हुए गृहमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में संभाग के सातों जिलों से आए पत्रकारों में फर्जी मामले को लेकर जमकर आक्रोश देखा गया।

संभाग स्तरीय बैठक में सातों जिले से आए पत्रकारों ने पूरे मामले को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। गांजा मामले में फंसाने से आक्रोशित पत्रकारों ने निंदा प्रस्ताव पास किया। वहीं पूरे मामले को लेकर

## जमकर दिखा आक्रोश, पत्रकारों के रिहाई के लिए सभी जिले से 1-1 लाख देने बनी सहमति




### मामले में किसी अज्ञात नेता की संलिप्तता

निलंबित कोंटा टीआई अजय सोनकर ने अपनी गिरफ्तारी के बाद पूरे मामले की खबर नेताजी को देने की बात सोशल मीडिया में लिखी है। दरअसल मंगलवार को अजय सोनकर को उसके खिलाफ दर्ज मामले के बाद सुकमा कोर्ट में पेश किया गया। सीसीटीवी फुटेज से छेड़खानी मामले में आरोपी बनाने के बाद अजय सोनकर ने लिखा है कि नेताजी को बता देना। मतलब रेत तस्करी के इस मामले में पत्रकारों के पड़ने से नेताजी को दिक्कत थी।

स्वतंत्रता दिवस पर जगदलपुर आ रहे उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा से मामले की सीबीआई या एसआईटी जांच की मांग करेगी। वहीं पूरे मामले की जांच कर तीन दिवस के अंदर कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने व गिरफ्तार पत्रकारों को राहत दिलाने छग शासन से मांग करेगी। पूरे प्रकरण पर सीबीआई जांच के आदेश नहीं दिए जाने की स्थिति में सातों जिले के पत्रकार द्वारा संयुक्त रूप से राज्य स्तरीय आन्दोलन किया जाएगा। बेगुनाह पत्रकारों को जेल से रिहा कराने के लिए आने वाले खर्च को देखते हुए सभी जिले से 1-1 लाख रुपए पत्रकार संघ द्वारा देने पर सहमति बनी। शहर के एक दैनिक समाचार पत्र के संपादक दिलशाद नियाजी ने एक लाख रुपए देने की बैठक में घोषणा की।

## आयोजन: कृषि विज्ञान केंद्र का स्वर्ण जयंती समारोह व कार्यशाला

# नई तकनीक का प्रचार-प्रसार कर किसानों की बढ़ाएं आय: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव



कृषि विज्ञान केंद्र के लिए 2024 स्वर्ण जयंती का वर्ष है। इस वर्ष कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर देशभर मे स्वर्ण जयंती समारोह मनाया जा रहा है। देश का प्रथम कृषि विज्ञान केन्द्र 1974 में पांडिचेरी में शुरू हुआ था। 731 कृषि विज्ञान केंद्र पूरे देश में क्रियाशील है जो प्रौद्योगिकी के ज्ञान और संसाधन केंद्र के रूप में कार्य कर रहे हैं ।

इस अवसर पर कलेक्टर कोंडागांव कुणाल दुदावत जी के द्वारा स्वर्ण जयंती मशाल को कृषि विज्ञान केन्द्र दंतेवाड़ा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. डीप्रोषण बंजारा से लेकर कृषि विज्ञान केन्द्र कोंडागांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. ओम प्रकाश को सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर ने कहा की कृषि विज्ञान केन्द्र एक ज्ञान के केंद्र के रूप में कार्य करता है। नूतन तकनीक को किसान के खेत तक पहुचाने में केंद्र की अहम भूमिका है। उन्होंने केंद्र को गांव से जुड़ कर कार्य करने को कहा तथा जैविक खेती, बीज उत्पादन, यंत्रे का उपयोग आदि कार्य सम्बंधित विभाग के समन्वय से कर किसानो को समृद्ध व आय दुगुनी करने का भरसक प्रयत्न करने के लिए कहा ।

इसके साथ कृषि विज्ञान केन्द्र कोंडागांव के द्वारा मासिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछलीपालन, बीज निगम एवं जिले के प्रगतिशील कृषकों की सक्रिय भूमिका रही। समसामयिक विषयों पर विचार विमर्श एवं कृषि एवं संबंधित विषयों पर जिले में कार्य करने की योजना बनायी। कृषि उत्पादकता को बढ़ाने तथा कायम रखने में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किए गए कार्योर् की महत्वपूर्ण भूमिका है। कृषि वैज्ञानिक खेती–फसलों, फल, सब्जीवर्गीय तथा पशुओं पर अध्ययन करते हैं तथा उनकी मात्र तथा गुणवत्ता में सुधार के लिए मार्ग तैयार करते हैं। इस कार्यक्रम में जिले के कृषि व अन्य विभाग के कुल 28 अधिकारी उपस्थित हुए। जिले के 05 प्रगतिशील किसान अनुराग त्रिपाठी औषधीय खेती, वेदेश्वरी शर्मा जैविक खेती, नरेंद्र सिंह राठौर जैविक उद्यानिकी सह मछली पालन, शिवनाथ यादव पारम्परिक बीज संरक्षक व रामसाय मरकाम गुलाब के फूलो की खेती उपस्थित हुए।

### मशाल कृषि विज्ञान केन्द्र बालोद को सौंपने किया प्रस्थान

कृषि विज्ञान केन्द्र कोंडागांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. ओम प्रकाश ने मासिक कार्यशाला में जैविक खेती में मार्किट लिंकेज की योजना बनाने में जोर दिया। कृषि विभाग के उप संचालक डी.पी.तांडे ने बताया की जिले में धान व मक्का प्रमुख फसल के रूप में लगाई गई है। जिसमें मक्का के रकबा में वृद्धि हुई है। उद्यानिकी के उप संचालक ने सभी विभागों के समन्वय से कार्य करने की बात कही। पशु धन विकास विभाग के उप संचालक ने टीकाकरण व बधियाकरण के कार्य पर ग्रामीण क्षेत्र में किसानो को विशेष सहयोग की अपील की। कार्यक्रम का संचालन केंद्र के पशु विशेषज्ञ डॉ. हितेश कुमार मिश्रा ने किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के पश्चात स्वर्ण जयंती मशाल को कृषि विज्ञान केन्द्र कोंडागांव के उद्यानिकी के वैज्ञानिक डॉ.सुरेश मरकाम ने कृषि विज्ञान केन्द्र बालोद को सौंपने के लिए प्रस्थान किया।

# तेज गति से चलने वाले मालवाहकों पर कार्रवाई करने युवाओं ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

लौह अयस्क क्षेत्र तथा खदानें होने की वजह से इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में मालवाहक वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। इन मालवाहकों में लापरवाह चालक अत्यधिक गति से सड़कों पर चलते हैं जिनके गति में नियंत्रण न होने से सड़कों पर जान माल का खतरा बना रहता है। मालवाहकों के ओवरस्पीड से अनियंत्रित होने से सड़क पर चल रहे मवेशी तथा ग्रामीण आए दिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं, जिससे कि आमजन दहशत में रहते हैं। अत्यधिक गति वाले माल वाहक तथा छोटे वाहनों पर भी पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाती। इस समस्या को देखते हुए नगर के युवाओं ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नाम तहसीलदार भानुप्रतापपुर एवं थानेदार रामेश्वर देशमुख को समस्या से अवगत कराते हुए नगर के चारों सड़क में बैरिकेड लगाने एवं अत्यधिक गति वाले वाहनों पर उचित कार्रवाई करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। जिस पर थानेदार रामेश्वर देशमुख द्वारा बेरिकेड लगाने एवं ओवर स्पीड वाहनों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है। ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से डिकेश साहू, हिमांशु ठाकुर,प्रेम शर्मा,कुणाल देवांगन, गौरव जैन, विवेक डडसेना, हर्ष शिवहरे,मुनेश यादव,रुद्र नाग,अंशु नेताम,शिव ग़द्दाम आदि युवा उपस्थित थे।

# हर घर तिरंगा अभियान का 188वीं वाहिनी ने किया आगाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव



आज 188वीं वाहिनी सी.आर.पी.एफ द्वारा आजादी की 77वीं वर्षगांठ के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के तहत कमाण्डेन्ट भावेश चौधरी188वीं वाहिनी के निर्देशन तथा नीतीन्द्र नाथ द्वितीय कमान अधिकारी प्रशासन के मार्गदर्शन में तिरंगा यात्रा का आयोजन मुख्यालय कोण्डागांव के साथ –साथ इस वाहिनी की सभी कंपनियों एवं केषकाल, बी 188 एवं एफ 188 पुशपालघाट जिला बस्तर, डी 188, ई 188 व जी 188 कोर्रा, गादिरास, पोलमपल्ली जिला सुकमा द्वारा किया गया।

'हर घर तिरंगा' अभियान के लिए भव्य तिरंगा रैली का आयोजन नीतीन्द्र नाथ द्वितीय कमान अधिकारी प्रशासन, 188वी वाहिनी के नेतृत्व में हाथो में तिरंगा लेकर तिरंगा बाइक रैली देश भक्तिमय गीतो के साथ अभियान का आगाज हुआ। इस आयोजन को वाहिनी मुख्यालय के कैम्पस से शुरु होकर राष्ट्रीय राजमार्ग–30 होते हुए बंधा तालाब, घड़ी चौक ,रायपुर नाका, कलेक्ट्रेट परिसर, डोंगरीपारा से वापस कोण्डागांव शहर के मुख्य मार्केट से होते हुए वाहिनी मुख्यालय तक किया गया। जिसमें 188 वाहिनी के अधिकारियों अभिज्ञान कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, अभिजीत काले उप कमाण्डेन्ट, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चन्द्रन आर.पी. के साथ वाहिनी के अधिनस्थ अधिकारियो व भारी संख्या में जवानों ने हिस्सा लिया । स्थानीय नागरिको ने इस तिरंगा यात्र का जोरदारी से स्वागत किया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों को आजादी का अमृत महोत्सव मनाने तथा 15 अगस्त तक अपने घरो में तिरंगा लगाने के लिए वाहिनी के द्वारा जागरुक एवं प्रोत्साहित किया गया। तथा भारत माता की जय और वंदेमातरम का उद्घोष किया गया। इस वाहिनी द्वारा समय –समय पर विभिन्न कार्यक्रमों जैसे सिविक एक्सन कार्यक्रम, रक्तदान शिविर, वृक्षा रोपण, खेलकूद इत्यादि कार्यक्रमो का आयोजन अपनी परिचालनिक क्षेत्रें में बड़े रचनात्मक ढंग से किया जाता है ।

## 'हर घर तिरंगा' महोत्सव में डीएव्ही ने निकाली रैली

**कोण्डागांव।** देश की शान तिरंगा के प्रति अपनी अपार श्रद्धा प्रकट करते हुए डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देवखरगांव कोण्डागांव द्वारा रैली निकाली गई। नन्हे विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर 'हर घर तिरंगा ','भारत माता की जय घोष ' के साथ किया गया। हर नागरिक को तिरंगे की महानता और गरिमा को बनाए रखने का कर्तव्य निर्वहन करने का संदेश नन्हे बच्चों द्वारा किया गया। जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने जोश के साथ देशभक्ति प्रकट करते हुए तिरंगे के प्रति अपनी पवित्र भावना प्रकट की और हर घर तिरंगा फहराने एवं तिरंगे का सम्मान करने का संदेश प्रेषित किया।






## नन्हे हाथों ने रंगों के माध्यम से विशाल सांकेतिक तिरंगा ध्वज किया तैयार

**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिला अंतर्गत संकुल केंद्र करंजी के शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा करंजी मे अध्यनरत नन्हे छात्र छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस के पूर्व अपने शाला परिसर में अपने अपने हथेलियों मे हरा, सफेद एवं केसरिया रंगो को रंग कर अपने हथेलियों के छाप से एक विशाल सांकेतिक तिरंगा ध्वज का निर्माण किया। कार्यक्रम संयोजक टी.ऐंकट राव ने कहा कि इस पूरे कार्यक्रम के माध्यम से संस्था मे अध्यनरत छात्र छात्राओं व ग्रामवासियों को स्वंतत्रता दिवस एवं तिरंगे के महत्व को बताया गया ताकि आने वाली नई पीढ़ी देशभक्ति की भावना से अपने आप को निरंतर जोड़ के रख सके। देश को आजाद करने में जिन वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहूति दी उन्हें याद करते हुए तिरंगे की आन बान और शान को हमेशा बनाए रखे।इस कार्यक्रम में संस्था मे अध्यनरत नन्हे नन्हे छात्र छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ अपने अपने हथेलियों को हरा, सफेद, केसरिया एवं नीले रंगो से रंगकर अपने अपने नन्हे हथेलियों की छाप से इस सांकेतिक तिरंगे को तैयार किया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच इमेलेश्वरी बघेल, कार्यक्रम संयोजक टी.ऐंकट राव, संकुल समन्वयक रमन ठाकुर, शिक्षक विक्की दीवान, शिक्षिका सारिका वैष्णव, छात्र छात्रएं आदि उपस्थित रहे।



# विद्यालयों में हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा हमारे देश का गौरव है। इसे ही संवर्धित करने के उद्देश्य से आज ग्राम मड़ानार शासकीय प्राथमिक एवम उच्च प्राथमिक शाला डोंगरीपारा और प्राथमिक शाला नयापारा चिपावंड में भव्य तिरंगा यात्रा गांव की गली मुहल्ले में स्कूली बच्चों और स्काउट दल द्वारा तिरंगे झंडे को हाथ में लेकर रैली निकाली गई। झंडा ऊंचा रहे हमारा का बुलंद नारा लगाया गया। साथ झंडा किस प्रकार हमारे देश की आन बान शान है और भी नारे लगाकर गुणगान किया गया। देशवासियों के हृदय में देशप्रेम की भावना को जगाए रखने और इस भावना को सदैव बनाए रखने के लिए इस रैली में मदानार प्रधानाध्यापक पी एल नाग सावित्री कोर्राम ग्वालिन लावत्रे गमला पुजारी, शिक्षक हीरालाल चुरेंद्र, नीरज कुमार ठाकुर शिवचरण साहू, रूपेंद्र साहू, शिक्षिकाएं आरती बेर रंजीता तिग्गा ललिता समरथ कुमुद पांडेय, प्रियंका पटेल, योगिता नाग,निधि साहू, छात्र एवम छात्रएं और गांव के गणमान्य जन उपस्थित रहे।



## तिरंगा हाथ में लेकर और नशामुक्ति से संबंधित नारे लगाकर किया जागरूक



**कोण्डागांव।** नशीली पदार्थों की मांग में कमी के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के तहत 12 अगस्त को मादक पदार्थों के खिलाफ देशव्यापी सामूहिक प्रतिज्ञा के अवसर पर शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला कुकाड़गारकापाल, संकुल बाखरा, विकासखंड कोंडागांव जिला कोंडागांव में नशामुक्ति रैली एवं हर घर तिरंगा के निर्धारित शेड्यूल अनुसार विद्यालय स्तर पर तिरंगा यात्रा एवं तिरंगा कंसर्टस का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में तिरंगा साथ में लेकर और नशामुक्ति से संबंधित नारे, बैनर पोस्टर तैयार कर शालाग्राम में शाला में पदस्थ शिक्षकों अध्ययनरत बच्चों एवं शाला प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा बसाहट क्षेत्र में रैली निकाला गया।

# जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए किया गया अंतिम अभ्यास

**कोण्डागांव।** स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह के गरिमापूर्ण आयोजन के लिए आज अंतिम अभ्यास सम्पूर्ण परिधान के साथ किया गया। विकास नगर स्टेडियम में आज आयोजित अंतिम अभ्यास में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के साथ परेड का निरीक्षण किया। यहां 11 प्लाटूनों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया। इसके साथ ही पीटी और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। समारोह के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए कलेक्टर श्री दुदावत ने आवश्यक तैयारियों के लिए अधिकारियों को मार्गदर्शन दिया।



# 5 लाख इनामी सहित 5 नक्सलियों को किया गया गिरफ्तार



कोंटा। थाना जगरगुण्डा क्षेत्र से 5 लाख के इनामी नक्सली सहित 5 नक्सलियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। इनामी नक्सली उईका चैतू पिता सुकलु पूर्व एसीएम, परमिली एरिया कमेटी सदस्य, गढ़चिरौली महाराष्ट्र इनामी 5 लाख निवासी पटेलपारा थाना जगरगुण्डा सहित एक महिला नक्सली उईका लखे पिता उईका हुंगा सीएनएम सदस्य, चिन्नागेलुर एरिया निवासी मिसीगुड़ा पटेलपारा व कुंजाम सुखलाल पिता सोमालू मिलिशिया सदस्य, इंद्रावती एरिया पदाम सन्नू पिता सोमालू मिलिशिया सदस्य निवासी मिसीगुड़ा पाण्डूपारा,पदाम हुंगा पिता पदाम पण्डा मिलिशिया सदस्य जीआरडी कमांडर पाण्डूपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा को गिरफ्तार किया गया है। इन पांचों नक्सलियों को गिरफ्तार करने में संयुक्त टीम जिला बल, डीआरजी एवं 165 वाहिनी सीआरपीएफ की रही। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से विस्फोटक पदार्थ सामग्री बरामद किया गया है।

# युवाओं को इंटेंसीफाइड आईईसी कैम्पेन से जुड़ने के साथ नशामुक्त सेलेगाँव बनाने दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलेगांव में डॉक्टर नीता वाजपयी राज्य एसएसएस अधिकारी एवं डॉक्टर डी एल पटेल कार्यक्रम समन्यक रासेयो शहीद महेंद्रकर्मा विवि बस्तर के दिशानिर्देशन एवं भागीरथी नायक जिला संगठक कांकेर के मार्गदर्शन में 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण समिति, नई दिल्ली द्वारा इंटेंसीफाईड आईईसी कैम्पेन के लॉन्च के अवसर पर विद्यालय के युवाओं में एचआईवी/ एड्स के रोकथाम की जानकारी को बढ़ाने एवं टीच एड्स विडियो–यूट्यूब के माध्यम से समुदाय में जागरुकता प्रसारित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नशा मुक्त भारत अभियान के पांचवें वर्ष प्रवेश करने के उपलक्ष्य में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों सहित कार्यालयीन स्टाफ एवं ग्रामवासियों को नशीले पदार्थों से दूर रहकर, नशामुक्त समाज बनाकर भारत को नशामुक्त करने के लिए शपथ दिलाई गई।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर संस्था प्रमुख प्राचार्य गौतम राम नायक, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी के एल कटेंद्र, सुमन ठाकुर, प्रमिला कोरेटी, महेश कुमार साहू, बरसन राम साहू, रैनसिंह दर्रो , पुकेशवर साहू, प्रमिला कोरेटी, पीयूषा बंजारे,गायत्री भुआर्य, जागृति ध्रुव, यामिनी साहू, द्वारूराम ध्रुव, द्वारिका निषाद, अलेख जैन, किशोर साहू, रूखमणी सिन्हा, मधु वर्मा, विजेंद्र बंजारे, गौतम कुलदीप, कमलेश जैन एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### लंबित आवेदनों का...

करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करने के विभिन्न प्रकरणों की प्रगति की जानकारी ली और कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आयोजित बैठक में जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल ने नियद नेल्लानार योजना, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना, सामाजिक अंकेक्षण, लखपति दीदी, आकांक्षी ब्लॉक, जलजीवन मिशन सहित अलग-अलग योजनाओं की साप्ताहिक प्रगति के बारे में बताया, जिस पर कलेक्टर ने सिलसिलेवार विभागीय अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा अलग-अलग एजेण्डों पर बैठक में चर्चा की गई। बैठक में डीएफओ हेमचंद पहारे, अपर कलेक्टर एस अहिरवार, बीएस उईके तथा जितेन्द्र कुर्रे सभी अनुविभागीय अधिकारी तथा जिला स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### योगासन खेल...

29 अगस्त तक अपना रजिस्ट्रेशन विकासखंड प्रभारी से संपर्क कर करा सकते हैं। तृतीय योगासन प्रतियोगिताओं का आयोजन चारामा के दिनेश देवांगन, लक्ष्मण सिन्हा, धर्मेंद्र साहू, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, भूपेंद्र साहू, संतोष ओझा आदि पदाधिकारियों व स्थानीय कार्यकर्ताओ के साथ बैठक कर इस वर्ष योगासन खेल प्रतियोगिता चारामा में करने का निर्णय लिया गया है।

### कलयुगी बेटे ने...

लकड़ी से मारपीट किया। मेरे बाल को पकड़कर खींचा। तभी दोनों बहू बीच बचाव करने आईं तो सभी को गाली देने लगा और जान से मार दूंगा कहते हुए हाथ थप्पड़, लात घूंसा से मारपीट किया और अपने पास एक चाकू भी रखा था उसे वह हम लोगों को दिखा रहा था। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बड़े बेटे के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### पत्नी से मारपीट...

मारने की कोशिश की गई। मैं डर से अपने माता पिता के घर चली गई। दो तीन महीने के बाद मैं ससुराल वापस आ गई। मेरे माता पिता के द्वारा समझाने पर पति ने उन्हे जान से मारने की धमकी दिया। मैं अपने बेटियों के कारण अत्याचार सहती रही। मेरे पति के द्वारा अत्याचार दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहा है, जिसके कारण अपने दोनो बेटियों को लेकर अपने माता पिता के साथ रहने पर मजबूर हू। मेरे पति व उसकी प्रेमिका की शादी की बात सुषमा का भाई अमरदीप, सुषमा का बेटा अमन, मां बसंती, बहन गुड़िया, बहनोई मुकेश को पता है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 323, 498 (ए), 506 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

ॐ

# BHARTI VISHWAVIDYALAYA, DURG

BHARTI VISHWAVIDYALAYA

Approved by - AICTE, NCTE, BCI, PCI / University Grants Commission (UGC), New Delhi

Bharti Group has been running many courses successfully for past 27 years...




**Law**
- B.A. LLB
- LLB
- B.Com LLB
- LLM

**Animation & Visual Effects**
- B.Sc.
- M.Sc.

**Engineering**

M. Tech. / B.Tech.
Polytechnic

- Civil
- CSE
- ET&T
- Mechanical
- Electrical
- Artificial Intelligence & Machine Learning

**Journalism**
- MAJMC
- BAJMC

**Hotel Management**
- MHM
- BHM

**Pharmacy**
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph.D.

**Library**
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

**Arts/ Science/ Commerce**
- B.Sc. / M.Sc. - All Subjects
- MBA
- BBA
- MPH
- DCA
- PGDCA
- BCA
- DSW
- B.A./ B.Sc./ B.Com.
- B.A./ B.Sc./ B.Com. (Hons) } As per NEP 2020
- M.A./ M.Sc./ M.Com. → All Subjects Inclu. Chhattisgarhi
- BSW
- MSW
- B.Stat.
- M.Stat.
- BRS
- MRS
- Forensic Science /Food & Nutrition

**Education**
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

**Film Making**
- B.A.
- M.A.

**Diploma Courses**
- Forensic Science
- Yoga Science
- Interior Design
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Corporate Law
- Digital Marketing
- Nutrition & Dietetics
- Multimedia & Graphic Animation

**Ph.D. Available in all Subjects**

**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery | **B.Sc. (Nursing)**
Affiliated to Ayush University, Raipur

**B.Tech. Agricultural** | **B.Sc. Agriculture**
Affiliated to IGKV, Raipur

Preference on Limited Seats for "Single Girl Child" in Admission as per University Norms.

Special Classes for Personality Development, Training, Placement & Entrepreneurship Development



www.bhartiuniversity.org

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

: 6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07

: Durg (Chhattisgarh)

# गांव में ग्रामीणों की मेहनत से साकार हुआ पुल का सपना, खुद ही बना लिया

## मांग पूरी नहीं होने पर स्टापडेम पर बांस बिछाकर तैयार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

